**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, NEW DELHI**
**OFFICE OF DIRECTOR**

F.No. 40-30/2024-Estt.I 10.12.2024

**OFFICE MEMORANDUM**

**Sub: Capturing of patient feedback regarding inpatient diet on a regular basis**

AIIMS New Delhi provides therapeutic & general diet for all its inpatients in general wards, private wards, etc. During the rounds of the undersigned, patients have often given feedback for improvement in the quality of food served. On enquiring, it is noted that there is no formal mechanism in place for the patients to provide such feedback to the Dietetics Department on a regular basis. .

Accordingly, it has been decided that Dept. of Dietetics shall before 31st December 2024, start a system of obtaining daily feedback from IPD patient regarding the diet served to them. This feedback can be captured by pasting QR code on the bed side of the patient, which can be easily scanned by patient using his mobile phone. In addition to this, the Dieticians posted in all areas shall try to personally meet as many patients as possible and seek their inputs regarding the food hygiene & quality. Dieticians shall also review the feedback received from their respective areas and shall work towards identifying the systemic improvements required on a regular basis.

**Action: Chief Dietician**

10/12/2024

**Prof. M Srinivas**
Director

**Distribution** (with a request to also circulate it to all officials under their control)

1. Dean/s (Academic, Research, Examination)
2. Addl. Director (Admin)
3. Medical Superintendent (AIIMS)
4. Chiefs' of all Centres / Head, NCI Jhajjar
5. Heads' of all Departments
6. Sr. Financial Advisor
7. Prof. I/c Computer Facility

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली**

**निदेशक कार्यालय**

फा.सं. 40-30/2024-स्था.I दिनांक 10.12.2024

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: भर्ती रोगी के आहार के विषय में रोगियों की प्रतिक्रिया नियमित आधार पर प्राप्त करने संबंधी।**

एम्स, नई दिल्ली अपने सभी रोगियों को सामान्य वार्ड, प्राइवेट वार्ड आदि में चिकित्सीय एवं सामान्य आहार प्रदान करता है। अधोहस्ताक्षरी के दौरों के दौरान रोगियों ने प्राय: उनको प्रदान किए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता में सुधार करने हेतु प्रतिक्रिया दी है। पूछताछ करने पर यह भी पाया गया है कि रोगियों द्वारा आहारिकी विभाग को ऐसी प्रतिक्रिया नियमित आधार पर प्रदान करने के लिए कोई औपचारिक तंत्र उपलब्ध नहीं है।

तदनुसार, यह निर्णय लिया गया है कि आहारिकी विभाग दिनांक 31 दिसंबर, 2024 से पहले, आई.पी.डी. रोगियों को दिए जाने वाले आहार के विषय में उनसे दैनिक प्रतिक्रिया प्राप्त करने की प्रणाली शुरू करेगा। यह प्रतिक्रिया रोगी के बिस्तर के एक तरफ क्यूआर कोड को लगाकर प्राप्त की जा सकती है, जिसे रोगी अपने मोबाइल फोन का उपयोग करके आसानी से स्कैन कर सकता है। इसके अलावा, सभी क्षेत्रों में तैनात आहारविद् व्यक्तिगत रूप से अधिक से अधिक रोगियों से मिलने की कोशिश करेंगे तथा भोजन की स्वच्छता एवं गुणवत्ता के विषय में उनसे उनके विचार पूछेंगे। आहार विशेषज्ञ अपने-अपने क्षेत्रों से प्राप्त फीडबैक की समीक्षा भी करेंगे तथा नियमित आधार पर आवश्यक प्रणालीगत सुधारों का पता लगाने की दिशा में काम करेंगे।

**कार्रवाई: मुख्य आहारविद्**

**प्रो.एम.श्रीनिवास**
निदेशक

**वितरण**: (इसे अपने नियंत्रणाधीन सभी अधिकारियों में भी परिचालित करने के अनुरोध सहित)

1. संकायाध्यक्ष (शैक्षिक, अनुसंधान, परीक्षा)
2. अपर निदेशक (प्रशासन)
3. चिकित्सा अधीक्षक (एम्स)
4. सभी केंद्र प्रमुखगण/अध्यक्ष, एन.सी.आई., झज्जर
5. सभी विभागाध्यक्षगण
6. वरिष्ठ वित्त सलाहकार
7. प्रभारी-आचार्य, कंप्यूटर सुविधा